30 महीने

नये कदम बढ़ते कदम

उपलब्धियों की एक झलक

जून 2014 से दिसम्बर 2016 तक

कृषि उन्नति, हमारी प्राथमिकता

सत्यमेव जयते

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय

भारत सरकार

श्री राधा मोहन सिंह
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री

श्री एस.एस. अहलुवालिया
कृषि एवं किसान कल्याण
और संसदीय कार्य राज्यमंत्री

श्री परशोत्तम रूपाला
कृषि एवं किसान कल्याण
राज्यमंत्री

श्री सुदर्शन भगत
कृषि एवं किसान कल्याण
राज्यमंत्री

स्वस्थ धरा, खेत हरा

नये कदम बढ़ते कदम

उपलब्धियों की एक झलक
जून 2014 से दिसम्बर 2016 तक

कृषि, सहकारिता एवं किसान कल्याण विभाग

पशुपालन, डेयरी और मत्स्यपालन विभाग

कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग/
भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद

सत्यमेव जयते

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
भारत सरकार

माननीय प्रधान मंत्री
Modi

कृषि, सहकारिता
एवं
किसान कल्याण विभाग

सॉयल हेल्थ कार्ड

सॉयल हेल्थ कार्ड - अनेक लाभ

- उर्वरकों के संतुलित उपयोग पर जानकारी।
- बेहतर भूमि प्रबंधन पद्धतियों को अपनाया जाना।
- अधिक पैदावार के लिए फसल विविधीकरण को अपनाया जाना।
- 2.29 करोड़ नमूने एकत्र किए गए हैं जिनसे 11.45 करोड़ कार्ड बनाए जा रहे है।
- किसानों को 4.15 करोड़ सॉयल हेल्थ कार्ड वितरित किए जा चूके है।
- आय दोगुनी करने के लिए कृषि लागत में कमी।

SOIL HEALTH CARD

Swasth Dhara, Khet Haraa

सॉयल स्वास्थ्य प्रबंधन

सॉयल स्वास्थ्य प्रबंधन योजना के अंतर्गत जारी की गई धनराशि



2014–15 में राज्यों को 711.46 करोड़ रूपए जारी किए गए जो 2012–13 और 2013–14 के दौरान जारी किए गए 27.76 करोड़ रूपए का 26 गुना है।

सॉयल हेल्थ कार्ड

सॉयल हेल्थ कार्ड योजना के अंतर्गत जारी की गई धनराशि



सॉयल हेल्थ कार्ड योजना के अन्तर्गत 2014–15, 2015–16 और 2016–17 (दिसम्बर 2016 तक) के दौरान 216.37 करोड़ रूपए जारी किए गए।

- सॉयल हेल्थ कार्ड की मदद से किसान मुख्य पोषक तत्वों, सूक्ष्म पोषक तत्वों तथा उर्वरक की फसलवार सिफारिश प्राप्त कर सकते हैं।
- किसान सुझाये गए उपाचारी उपाय जान सकते हैं जिनका उपयोग मृदा स्वास्थ्य में सुधार करने और बेहतर तथा अधिक उपज प्राप्त करने के लिए किया जा सकता है।

सॉयल हेल्थ कार्ड योजना

सॉयल हेल्थ कार्ड योजना की स्थिति



मंजूर की गई मृदा परीक्षण प्रयोगशालाएं (अचल+चल+मिनी प्रयोगशालाएं)



- फरवरी 2015 में सॉयल हेल्थ कार्ड योजना शुरू की गई।
- 460 सॉयल परीक्षण प्रयोगशालाएं मंजूर की गई।
- देश में सभी भू जोतकों के लिए प्रत्येक दो वर्ष में सॉयल हेल्थ कार्ड जारी किए जाएंगे।

परम्परागत कृषि विकास योजना (पीकेवीवाई)

सिक्किमः भारत का पहला जैविक राज्य

- क्लस्टर निर्माण, किसानों को संगठित करने हेतु पीजीएस प्रमाणीकरण, जैविक कृषि में भूमि के अन्तरण, वर्मी कम्पोस्ट इकाइयों की स्थापना, जैविक उत्पादों की लेबलिंग अथवा ब्रांडिंग।
- प्रत्येक क्लस्टर के लिए 120000 रू० अधिकतम सहायता पर विपणन के लिए जैविक उत्पाद के संग्रहण और परिवहन के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना।
- क्लस्टर के प्रत्येक किसान को 3 वर्ष की अवधि के दौरान 50,000 रू० प्रति हैक्टे० की वित्तीय सहायता प्रदान की जायेगी। 20 हैक्टेयर के 10,000 जैविक क्लस्टरों को विकसित किया जायेगा ताकि 3 वर्षो के दौरान 2 लाख है० तक प्रमाणित क्षेत्र को कवर किया जा सके। अभी तक 9,186 क्लस्टर बनाए जा चुके हैं।
- सरकार द्वारा परम्परागत संसाधनों, अनुकूल पर्यावरण हितैषी कम लागत प्रौद्योगिकियों और अधिक लाभ आदि के उपयोग के साथ जैविक खेती को बढ़ावा दिया जायेगा।

परम्परागत कृषि विकास योजना (पीकेवीवाई)

पीकेवीवाई के तहत आवंटित निधि



- तीन वर्षों में 10,000 क्लस्टर (20 हैक्टेयर प्रत्येक) विकसित करना और तीन वर्षो में 2 लाख हैक्टेयर तक प्रमाणित क्षेत्र को बढ़ाना।
- 50,000 प्रति किसान/हैक्टेयर की दर पर प्रत्येक 20 हैक्टेयर क्लस्टर आधारित दृष्टिकोण।

परंपरागत कृषि विकास योजना (पीकेवीवाई) की स्थिति

पीकेवीवाई के तहत वार्षिक कार्य योजना में कलस्टर निर्माण (लक्ष्य और उपलब्धियां संख्या में)



दिसम्बर, 2016 तक 10000 समूहों के लक्ष्य की तुलना 9186 समूह मंजूर किये गये।

पूर्वोत्तर क्षेत्र हेतु जैविक मूल्य श्रृंखला विकास मिशन (एमओवीसीडी)

पूर्वोत्तर क्षेत्र हेतु एमओवीसीडी के तहत आवंटन और निर्मुक्त निधि



- पूर्वोत्तर क्षेत्र के 8 राज्यों को निधि निर्मुक्त करने का उद्देश्य उपभोक्ताओं के साथ किसानों के संपर्क के लिए मूल्य श्रृंखला मोड में प्रमाणित जैविक उत्पादन का विकास करना है।
- योजना वर्ष 2015–16 से 3 वर्षों के लिए 400 करोड़ के परिव्यय के साथ शुरू की गई थी।
- वर्ष 2015–16 से वर्ष 2017–18 के दौरान 50 हजार हेक्टेयर क्षेत्र को शामिल किये जाने का लक्ष्य है।

नीम लेपित यूरिया

- भारत सरकार ने मई, 2015 से 100% नीम लेपित यूरिया उत्पादन करने हेतु इसे विनिर्माताओं के लिए अनिवार्य बनाया है।
- दिसम्बर 2015 से आयातित यूरिया भी नीम तेल से 100% लेपित हो रहा है।
- अब मंडी में उपलब्ध कुल यूरिया नीम लेपित है।
- खरीफ 2016 पहला मौसम था जिसमें उपयोग किया गया कुल यूरिया नीम लेपित था।
- सरकार ने एमओपी की लागत को 5000 रूपए प्रति टन और डीएपी की लागत को 2500 रूपए प्रति टन तक घटाया है।
- सरकार ने डीएपी के 50 किग्रा बोरे की कीमत में 125 रूपए एवं एमओपी के 50 किग्रा बोरे पर 250 रूपए कीमत में कमी की है।

- प्रत्येक दाना नीम तेल से लेपित होता है, जो मृदा में यूरिया के घुलन दर को कम कर देता है और इस प्रकार फसलों के लिए नाईट्रोजन की उपलब्धता को बढ़ाता है।

राष्ट्रीय कृषि मंडी (ई-एनएएम)

- पूरे देश में एक कॉमन ई–प्लेटफार्म के माध्यम से 585 थोक एपीएमसी मंडियों को जोड़ने के लिए 200 करोड़ रूपये के प्रारंभिक आवंटन से राष्ट्रीय कृषि मंडी (एनएएम) का 1 जुलाई, 2015 को अनुमोदन किया गया था।
- 14 अप्रैल, 2016 को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 8 राज्यों की 21 मंडियों में बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर के 125वें जन्म दिवस पर ई–एनएएम का पायलेट लांच किया।
- ई–एनएएम कुछ निम्नलिखित सुधारों के साथ जुड़ी हुई स्कीम है।
  - पूरे राज्य में एकल लाईसेंस वैध होना।
  - मंडी शुल्क की एकल बिंदु वसूली
  - मूल्य पता लगाने के लिए इलेक्ट्रॉनिक निलामी का प्रावधान।

प्रगति

- 14 राज्यों को उनकी 399 मंडियों को ई–एनएएम के साथ जोड़ने के लिए सिद्धांत रूप से अनुमोदन दिया गया।
- ई–एनएएम पर ट्रेडिंग के लिए जिंसों का आंकलन किए जाने को सरल बनाने के लिए 69 जिंसों के लिए कॉमन व्यापार योग्य पैरामीटर विकसित किए गए हैं।
- 10 राज्यों की 250 मंडियों को ई–एनएएम के साथ एकीकृत कर दिया गया है।
- 16.12.2016 तक 6,13,890.61 लाख रूपये के 31,13,494.35 टन कृषि उत्पाद का कारोबार e-NAM पर हो चुका है। साथ ही 8,55,839 किसानों, 59,155 व्यापारियों और 30,790 कमीशन एजेंटों को e-NAM प्लेटफार्म पर पंजीकृत किया जा चुका है।

कृषि विपणन

राष्ट्रीय कृषि मंडी (ई-एनएएम) निधि निर्मुक्ति स्थिति



सरकार ने देश में ई–मंडी को बढ़ावा देने के लिए पर्याप्त राशि जारी की है।

लघु किसान कृषि व्यवसाय संघ (एसएफएसी) द्वारा किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) का पंजीकरण

किसानों के संगठीकरण के लिए 47 प्रतिशत कुल वृद्धि के साथ 2011–14 के दौरान 223 एफपीओ की तुलना में 2014–16 के दौरान 327 एफपीओ को पंजीकृत किया गया।



ज्वाइंट लाएबिलिटी ग्रुप को वित्तीय सहायता

2007 से 2014 तक (7 वर्षों में) 6.7 लाख ज्वाइंट लाएबिलिटी समूहों की तुलना में 2014 से 2016 (2.5 वर्षों में) 18.21 लाख समूहों को वित्तीय सहायता प्रदान की गयी। 2007 से 2014 तक (7 वर्षों में) रू. 6630 करोड़ की संचित उपलब्धियों की तुलना में 2014 से सितम्बर 2016 (2.5 वर्षों) तक रू. 18,006 करोड़ की राशि की वित्तीय सहायता संयुक्त देय समूहों को प्रदान की गयी।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई)

फसल बीमा योजना के तहत कवर किसान



ज्यादा से ज्यादा ऋणी तथा गैर ऋणी किसानों ने फसल बीमा योजना को अपनाया। यह इस योजना की सफलताएं हैं

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमबीएफवाई) की मुख्य विशेषताएं:

- सभी अनाजों, तिलहन और वार्षिक वाणिज्यिक/बागवानी फसलें शामिल हैं।
- एक मौसम एक दर– खरीफ के लिए 2 प्रतिशत, रबी के लिए 1.5 प्रतिशत और वार्षिक बागवानी फसलों के लिए 5 प्रतिशत अधिकतम है।
- फसल उपज के सभी जोखिमों–फसल बुआई के पूर्व खड़ी फसल तथा फसल कटाई के बाद के जोखिम शामिल।
- ओलावृष्टि, भूस्खलन और जलभराव से हुए नुकसान के लिए प्रत्येक खेत स्तर पर क्षति का आकलन करना।
- फसल कटाई से अधिकतम 14 की अवधि में चक्रवात/चक्रवात वर्षा एवं बेमौसम बारिश के विशेष खतरों के कारण हुए फसल नुकसान की क्षतिपूर्ति भी प्रत्येक खेत स्तर पर।
- प्राकृतिक आपदा के कारण संरक्षित बुआई के लिए बीमित राशि 25 प्रतिशत तक का भुगतान।
- विगत खरीफ 2015 में 309 लाख किसान 23 राज्यों में फसल बीमा योजना में कवर किये गए थे जिनमे से 294 लाख ऋणी और 15 लाख गैर ऋणी थे। खरीफ 2016 में लगभग 366.64 लाख किसान कवर हुए है जिनमें से 264.04 लाख ऋणी किसान और 102.60 लाख गैर ऋणी किसान हैं।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई)

- बीमा विवरण वाली पावती रसीद के साथ पॉकेट साइज फोलियो जो पॉलिसी कागजात के रूप में भी कार्य करेगा।
- यह पहली बार रबी 2016 से किसानों के बीच पावती वितरित की जा रही है।

पीएमएफबीवाई के तहत जारी निधि



2014–17 के दौरान पीएमएफबीवाई के तहत पर्याप्त निधि जारी की गई।

प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (पीएमकेएसवाई)

किसान कैसे लाभ उठा पाएंगे?

- ऐसी परियोजनाओं को प्राथमिकता दी जा रही है जो लगभग समाप्त होने वाली है ताकि किसान शीघ्र लाभ उठा सकें।
- किसान बेहतर जल संचयन तकनीकों का उपयोग कर सकेंगे।
- किसान ड्रिप एवं स्प्रिंकलर सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली का उपयोग कर सकेंगे।
- किसान अपने जिला कृषि/बागवानी अधिकारी से ड्रिप/सप्रिंकलर सिंचाई तकनीकों के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।



- किसान कॉल सेंटर के टोल फ्री नं०–1800–180–1551 से भी सूचना प्राप्त कर सकते हैं।
- 2016–17 के दौरान पीएमकेएसवाई–''प्रतिबूंद अधिक फसल'' को आवंटित निधियां 2340 करोड़ रूपए हैं और सूक्ष्म सिंचाई के तहत 8 लाख हैक्टेयर क्षेत्र का लक्ष्य है। 30.12.2016 तक राज्यों को 1512.65 करोड़ रूपए जारी किए गए हैं।
- परिशुद्ध सिंचाई प्रणाली अर्थात ड्रिप एवं सप्रिंकलर सिंचाई के तहत शामिल किया गया कुल क्षेत्र 2.36 लाख हैक्टेयर है और संरक्षित सिंचाई के लिए 27835 हैक्टेयर की क्षमता वाली 18750 जल संचयन संरचनाओं का निर्माण किया गया।

प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (पीएमकेएसवाई)

पीएमकेएसवाई के तहत क्षेत्र



- सूक्ष्म अर्थात ड्रिप एवं स्प्रिंकलर के क्षेत्र में उचित बढ़ोत्तरी

बागवानी विकास (एनएचबी)

शीत भंडारण योजना

- 217.79 करोड़ रूपए की वित्तीय सहायता के साथ 144 शीत भंडारण परियोजनाओं को सहायता दी गई।
- 7.14 लाख मीट्रिक टन की अतिरिक्त शीत भंडारण क्षमता का निर्माण किया गया।

बागवानी को बढ़ावा देने के लिए प्रौद्योगिकी विकास एवं विस्तार

- प्रौद्योगिकी के अंतरण हेतु 547 परियोजनाओं/कार्यक्रमों को वित्त पोषित किया गया।
- उच्च गुणवत्ता वाले रोपण सामग्री के उत्पादन हेतु 1206 नर्सरियों को प्रत्यायित किया गया।

बागवानी विकास



पिछल दो वर्षों में एमआईडीएच के विभिन्न घटकों के अंतर्गत विशेष उपलब्धियां

बागवानी विकास

केन्द्रिय कृषि मंत्री ने 23 अगस्त 2014 को केसर पार्क का पुलवामा, जम्मू एवं कश्मीर में शिलान्यास किया।

केसर पार्क

- 24.45 करोड़ रुपये की कुल लागत से पम्पोर पुलवामा (जम्मू और कश्मीर) में केसर पार्क स्थापित करने का कार्य एनएचबी को सौंपा है। पार्क में गुणवत्ता नियंत्रण लैब, निर्यात प्रोत्साहन कार्यकलाप और ई–निलामी केंद्र की सुविधा होगी।
- पार्क का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो गया है। प्रदान की गई प्लांट और मशीनरी स्थापित करने हेतु तैयार है।
- पार्क के वर्तमान केसर मौसम के दौरान शुरू हो जाने की संभावना है।

राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड (एनएचबी)

फल पौध नर्सरियों का प्रत्यायन एवं श्रेणी निर्धारण



वर्ष 2012–14 की तुलना में 2014–16 के दौरान प्रत्यायित नर्सरियों में 2.5 गुणा वृद्धि

बागवानी विकास

जम्मू कश्मीर के लिए प्रधानमंत्री का पैकेज

- जम्मू–कश्मीर में क्षतिग्रस्त बागवानी क्षेत्रों के पुनरूस्थापन और बागवानी विकास के लिए 07.11.2015 को 500 करोड़ रूपए के विशेष पैकेज की घोषणा की गई।
- जम्मू–कश्मीर सरकार ने 2016–17 से 2018–19 के लिए 500 करोड़ रूपए की अपनी 3 वर्ष की कार्य योजना प्रस्तुत की।
- आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडल समिति ने एमआईडीएच लागत मानदंडों के लिए एकमुश्त छूट का अनुमोदन किया:
  - 460 रूपए प्रति पौध की अधिकतम लागत पर रोपण सामग्री का आयात।
  - 9.8 लाख प्रति हैक्टेयर की दर पर फोर वायर टेरिल सिस्टम का आयात।
  - रोपण सामग्री के प्रावधान हेतु 90 प्रतिशत की दर पर राज्य सहायता को बढ़ाया गया।
  - सीसीईए निर्णय के कार्यान्वयन हेतु प्रशासनिक स्वीकृति 08.12.2016 को जारी की गयी है।
  - 24/08/2016 को 47.89 करोड़ रूपए (भारत सरकार का हिस्सा) जारी किया गया। शेष निधियां जारी कर दी जाएंगी।

नारियल विकास बोर्ड



- भारत विश्व में नारियल उत्पादन एवं उत्पादकता में प्रथम स्थान पर आ गया है। नारियल क्षेत्र, उत्पादन एवं उत्पादकता क्रमशः 1.97 मिलियन हैक्टेयर, 20.439 बिलियन गिरी और प्रति हैक्टेयर 10345 गिरी पहुंच गई है।
- वर्ष 2016–17 के शुरुआत से ही भारत नारियल तेल का निर्यात मलेशिया, इंडोनेशिया और श्रीलंका को करने लगा है, जबकि हम पिछले वर्ष तक इन्हीं देशों से नारियल तेल का आयात कर रहे थे।
- 18 एकल नारियल बीज उद्यानों एवं 86 लघु नारियल नर्सरियों की स्थापना की गई। 361 जैविक खाद्य इकाइयों की स्थापना की गई।
- 7356 नारियल उत्पादक सोसाईटियों, 646 नारियल उत्पादक संघों एवं 57 नारियल उत्पादक कंपनियों की स्थापना की गई।
- 2314 नीरा तकनीशियन को प्रशिक्षित किया गया।
- नए रोपण के तहत 9163 हैक्टे. को लाया गया है।
- "नारियल वृक्ष मित्र" के तहत 392013 नारियल पाम पेड़ पर चढ़ने वाले व्यक्तियों को प्रशिक्षित किया गया।



नारियल विकास बोर्ड

सीडीबी योजनाएं - वास्तविक उपलब्धियां



- वर्ष 2011–14 की तुलना में वर्ष 2014–16 के दौरान नारियल विकास बोर्ड (सीडीबी) के निर्यातक व एफपीओ पंजीकरण में पर्याप्त वृद्धि।

पुनर्रोपण एवं पुर्नोद्धार क्षेत्र (हेक्टेयर में)



- वर्ष 2011–14 और 2014–16 के दौरान नारियल विकास बोर्ड (सीडीबी) के पुनःरोपण एवं क्षेत्र पुनरोद्धार में 33 प्रतिशत की वृद्धि।

मधुमक्खी पालन

- राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन बोर्ड (एनबीबी) द्वारा वर्ष 2014–15 से 2016–17 की अवधि के दौरान वैज्ञानिक मधुमक्खी पालन में 11862 किसानों/मधुमक्खी पालकों को प्रशिक्षित किया गया है।
- शहद उत्पादन वर्ष 2012–13 में 72,300 एमटी से बढ़कर वर्ष 2016–17 में 94,500 एमटी (अनुमानित) हो गया है।
- शहद एकत्र करने के लिए अच्छे ग्रेड के प्लास्टिक के बर्तनों के लिए डिजाइन्ड तकनीकी मानक।
- 10.62 लाख कॉलोनियों सहित 6361 मधुमक्खी पालकों/मधुमक्खी पालन एवं मधु सोसाइटियों/फर्मों/कंपनियों आदि को पंजीकृत किया गया (दिसम्बर 2016 तक)

राष्ट्रीय मधुमक्खी बोर्ड (एनबीबी)

शहद उत्पादन



राष्ट्रीय मधुमक्खी बोर्ड द्वारा मधुमक्खी पालकों/किसानों को सुविधा पहुंचाने देने के लिए वर्ष 2012–13 और 2013–14 की तुलना में वर्ष 2015–16 और 2016–17 के दौरान बजट आवंटन में वृद्धि के साथ–साथ 78 प्रतिशत मधु उत्पादन में वृद्धि

मधुमक्खी पालन को बढ़ावा देने के लिए जारी/आवंटित निधियां

वर्ष 2012–14 की तुलना में वर्ष 2014–15–2016–17 के पिछले 3 वर्षों में मधुमक्खी पालन के लिए बजट में लगभग 517 प्रतिशत की वृद्धि।



राष्ट्रीय मधुमक्खी बोर्ड (एनबीबी)

मधुमक्खी पालन विकास के माध्यम से सृजित अतिरिक्त आय



मधुमक्खी पालकों के साथ–साथ किसानों ने अतिरिक्त आय प्राप्त की।

समेकित मधुमक्खी पालन विकास केन्द्र, उत्कृष्टता केंद्रों (आईबीडीसी/ सीओईएस) की स्थापना/स्वीकृति



2015–16 एवं 2016–17 (दिसम्बर 2016 तक) के दौरान एनबीबी द्वारा 10 आईडीबी, हरियाणा (बागवानी विभाग, कुरूक्षेत्र), दिल्ली (आईएआरआई पूसा), बिहार (केवीके पिपराकोठी), पंजाब (पीएयू, लुधियाना), मध्य प्रदेश (केवीके, मोरेना), उत्तर प्रदेश, (आईआईवीआर, वाराणसी), मणिपुर (सीएयू, इम्फाल), उत्तराखंड (केवीके, देहरादून), जम्मू एवं कश्मीर (एसकेवीएएसटी, श्रीनगर) और तमिलनाडु (टीएनएयू, कोयम्बटूर) में एक आईबीसी स्थापित/अनुमोदित की गई।

कृषि वानिकी उपमिशन



- किसानों की आय को बढ़ाने और जलवायु अनुकूलता के लिए राष्ट्रीय कृषि वानिकी नीति तैयार की गई।
- वर्ष 2016–17 के दौरान "हर मेंड़ पर पेड़" के लक्ष्य के साथ एक समर्पित योजना "राष्ट्रीय कृषि वानिकी परियोजना" की शुरूआत की गई।
- वर्ष 2016–17 में 75 करोड़ रूपए के केन्द्रीय हिस्से का बजट आवंटित।
- कृषि वानिकी उपमशिन (एसएमएएफ) के तहत सहायता के लिए पूर्वापेक्षा में ट्रान्सिट विनिमयन की छूट
- 8 राज्यों ने इस विनियमन में छूट प्रदान की है।

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (एनएफएसएम)

कवर किए गए राज्यों की संख्या



वर्तमान शासन के दौरान एनएफएसएम के अंतर्गत राज्यों की संख्या 19 से बढ़ाकर 29 कर दी गई है।

कवर किए गए जिलों की संख्या

एनएफएसएम के अंतर्गत जिलों की संख्या 482 से बढ़ाकर 638 कर दी गई है जो लगभग 32.36 प्रतिशत की वृद्धि है।



- वर्तमान में एनएफएसएम के अंतर्गत 7 फसलों (चावल, गेहूं, दलहन, मोटे अनाज, गन्ने, जूट और कपास) को कवर किया जा रहा है, जबकि 2012–14 के दौरान केवल 3 फसलों को शामिल किया गया।

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (एनएफएसएम)-दलहन

दलहन का उत्पादन बढ़ाने के लिए उठाये गए कदम

- राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के अंतर्गत 1700.00 करोड़ रू० की राशि में से दलहन के लिए वर्ष 2016–17 के दौरान 1100.00 करोड़ रू० आवंटित किए गए जो कुल आवंटन की 60 प्रतिशत से भी अधिक राशि है।
- पूर्वी भारत में हरित क्रांति कार्यक्रम के अंतर्गत चावल की परती भूमि वाले क्षेत्रों में दलहन की फसल को बढ़ावा दिया जा रहा है।
- चावल की परती भूमि वाले क्षेत्रों को खेती के अंतर्गत लाने के लिए रबी 2016 से आरकेवीवाई के अंतर्गत "दलहन के लिए पूर्वी भारत में चावल की परती भूमि वाले क्षेत्रों को लक्षित करना" नामक विशेष स्कीम की शुरूआत की गई है।
- ग्रीष्म मूंग की फसल को बढ़ावा दिया जा रहा है।
- धान खेतो के मेड़ो पर अरहर की खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है।
- 2016–17 के 574 केवीके के माध्यम से 31000 क्लस्टर फ्रंट लाईन प्रदर्शन किए जा रहे हैं।
- एसएयू/केवीके/आईसीएआर संस्थानों के 150 सीड हब स्वीकृत किए गए है।
- खरीफ 2016 से गुणवत्ता बीज उत्पादन के लिए एनएफएसएम के दलहन घटक का 15 प्रतिशत आवंटन निर्धारित किया गया ।

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (एनएफएसएम)



पहली बार 2016–17 के दौरान दलहन बीज मिनिकिट का वितरण पूरे देश भर में किये गये (दिसम्बर 2016 तक)।



केन्द्रीय हिस्से के अनुसार एनएफएसएम के लिए निधियों का आवंटन

चावल, गेहूं, दलहन, मोटे अनाज, गन्ना, पटसन एवं कपास–फसलों के लिए एनएफएसएम के तहत बजट आवंटन में लगातार वृद्धि



एनएफएसएम के तहत दलहनों का बीज मिनिकिट वितरण लक्ष्य

इस गतिविधि को खरीफ 2016 से एनएफएसएम के तहत शामिल किया गया है।

राष्ट्रीय तिलहन एवं आयल पॉम मिशन

एनएमओओपी के सहायता पैटर्न में किए गए संशोधन

- प्रमाणीकृत तिलहन बीज वितरण के लिए बीज सबसिडी को 100% से अधिक बढ़ाया गया था (संकर एवं तिल के लिए 1200 रू० से 2500 रू० प्रति क्विं० तथा 2500 रू० से 5000 रू० प्रति क्विं० तक)।
- पानी ले जाने वाले पाइप पर सबसिडी को बढ़ाया गया जो एचडीपीई पाइप के लिए 25 रू० से बढ़कर 50 रू० प्रति मीटर, पीवीसी पाइप के लिए 35 रू० प्रति मीटर एवं इसके साथ खरीफ–2016 से 20 रू० प्रति मीटर की सबसिडी के साथ एचडीपीई लेमिनेटस की वुवन ले फ्लैट पाइप को शामिल करना।
- अगले तीन वर्षों में छह पूर्वी राज्यों के 10.00 लाख हैक्ट० चावल की परती भूमि को कवर करने के लिए रबी 2016 से आरकेवीवाई के अंतर्गत एक विशेष स्कीम ''दलहन एवं तिलहन के लिए पूर्वी भारत में चावल की परती भूमि को लक्षित करना'' की शुरूआत की गई है।
- वर्ष 2016–17 के दौरान विभिन्न तिलहन फसलों के क्लस्टर प्रदर्शन एवं एफएलडी के लिए एसएयू से अधिक आईसीएआर के 423 केवीके शामिल है।
- वर्ष 2016–17 के दौरान विभिन्न तिलहन फसलों के 16.0 लाख से भी अधिक बीज मिनीकिट्स वितरित किए गए थे।
- पूर्वोत्तर राज्यों में ऑयल पाम की खेती पर विशेष ध्यान दिया गया है। पिछले दो वर्षों के दौरान ऑयल पाम के अंतर्गत 25,000 हैक्ट० से अधिक क्षेत्र को कवर करते हुए मिजोरम सबसे आगे है एवं अक्तूबर, 2014 में मिजोरम में गोदरेज एग्रोवेट द्वारा एक ऑयल पाम प्रसंस्करण ईकाई शुरू की गई है।

पौध संरक्षण

- पौध संरक्षण प्रभाग के ठोस प्रयासों के परिणाम स्वरूप वियतनाम ने भारतीय मूंगफली से प्रतिबंध हटा लिया है।
- 2014–15 से 2016–17 के दौरान 55,248 पंजीकरण प्रमाण पत्रों के अनुमोदन से कीटनाशी पंजीकरण की प्रक्रिया में तेजी आई है। अब कोई बकाया नहीं रहा है।
- 2014–15 से 2016–17 के दौरान 2880 पंजीकरण प्रमाण पत्र के अनुमोदन से निर्यात के लिए कीटनाशी पंजीकरण में महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है।
- कृषि जिंसों के आयात के लिए परमिट की आवश्यकता को समाप्त कर दिया गया है।
- कीटनाशियों के विनिर्माण लाइसेंस के नवीनीकरण की आवश्यकता को समाप्त कर दिया गया है।
- 87 महत्वपूर्ण संशोधित फसलों के लिए आईपीएम पद्धति पैकज आनलाइन उपलब्ध कराया गया है।



2012–14 के दौरान पौध संरक्षण कीटनाशी निर्यात पंजीकरण में 95 प्रतिशत वृद्धि।



बेहतर निगरानी और प्रौद्योगिकी उपयोग से कीटनाशी पंजीकरण की संख्या में लगभग साढ़े तीन गुणा की वृद्धि हुई।

कृषि यंत्रीकरण

7–8 जुलाई, 2016 विज्ञान भवन,नई दिल्ली में कृषि, सहकारिता एवं किसान कल्याण विभाग के मशीनीकरण एवं प्रौद्योगिकी प्रभाग द्वारा कृषि यंत्रीकरण में नवाचार तथा अनुसंधान एवं विकास संस्थानों– उद्योग– किसानों के मध्य सम्बन्धों के विकास पर दो दिवसीय सम्मेलन का आयोजन किया गया।

कृषि यंत्रीकरण

कृषि यंत्रीकरण



2012–14 के दौरान प्रशिक्षित प्रशिक्षुओं की संख्या की तुलना में 2014–16 के दौरान कृषि यंत्रीकरण पर उप–मिशन (एसएमएएम) के अंतर्गत एफएमटीटीआई और राज्य कृषि विभागों में अधिक प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण दिया गया। 2016–17 (दिसम्बर, 2016 तक) के दौरान एफएमटीटीआई में कुल 6868 प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण दिया गया।

एफएमटीटीआई और अभिनामित परीक्षण केन्द्रों में जांची गई कृषि मशीनरी



2012–14 के दौरान जांची गई मशीनों की संख्या की तुलना में 2014–16 के दौरान परीक्षण की गई मशीनरी की संख्या में 126 प्रतिशत की वृद्धि।

परीक्षित बीज नमूनों की संख्या



वर्ष 2012–14 के दौरान योजनाओं के लिए निधियों के आवंटन की तुलना में वर्ष 2014–16 में निधियों के आवंटन में 492 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

कृषि मशीनरी वितरण



कृषि, सहकारिता एवं किसान कल्याण विभाग की विभिन्न स्कीमों के अंतर्गत वर्ष 2012–14 के दौरान वितरित मशीनरी की तुलना में वर्ष 2014–16 के दौरान किसानों को सबसिडी पर वितरित मशीनरियों की संख्या में 117% की वृद्धि हुई है। वर्ष 2016–17 (नवंबर, 2016 तक) के दौरान कृषि, सहकारिता एवं किसान कल्याण विभाग ने अपने विभिन्न स्कीमों के अंतर्गत 1885258 कृषि मशीनरी वितरण को अनुमोदित किया है।

राष्ट्रीय बीज निगम (एनएससी)



पिछले 2 वर्षो (2012–14) की तुलना में पिछले 2 (2014–16) वर्षो के दौरान कारोबार में 55% वृद्धि



पिछले 2 वर्षो (2012–14) की तुलना में वर्ष 2014–16 के दौरान 35% अधिक बीज नमूनों का परीक्षण किया गया है।



वर्ष 2012–14 की तुलना में 2014–16 के दौरान 180 प्रतिशत अधिक भण्डारण क्षमता को निर्मित किया गया।



2012–14 की तुलना में 2014–16 के दौरान खेतों के क्षेत्र विस्तार में 293 प्रतिशत की वृद्धि

पौध किस्मों और किसानों के अधिकारों के संरक्षण के अंतर्गत किसानों को लाभ देने के लिए नई पहलें (2014 के बाद पीपीवी एवं एफआर अधिनियम)

वर्ष 2014 के पश्चात पीपीवी एवं एफआरए के तहत किसानों के लाभ के लिए नई पहल

- पालमपुर (हिमाचल प्रदेश) में हाल ही में पीपीवी एवं एफआर प्राधिकरण की तीन नई शाखा कार्यालय स्थापित करने का अनुमोदन किया गया है जो उत्तरी पहाड़ी जोन के राज्यों को कवर करेगा, दूसरा पुणे (महाराष्ट्र) में जो मध्य और पश्चिमी जोन राज्यों को कवर करेगा और तीसरा शिवमोगा (कर्नाटक) दक्षिणी राज्यों के लिए है।
- "पौध जीनोम सेवियर" किसान पुरस्कार के लिए नगद पुरस्कार की राशि 1 लाख रूपये से बढ़ाकर 1.50 लाख रूपये कर दी गई है और वर्ष 2015 के दौरान किसानों की राशि प्रमाणीकरण शून्य से बढ़ाकर 1.00 लाख रूपये कर दी गई है।
- वर्ष 2015 के दौरान किस्मों के पंजीकरण के बाद किसान के लिए वार्षिक शुल्क 2000 रूपये प्रति वर्ष से घटाकर 10 रूपये मात्र कर दी गई है।

श्री राधा मोहन सिंह, केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री, भारत सरकार, 24 अगस्त, 2016 को विशिष्ट लवण प्रतिरोधी गेहूँ के लिए खर्ची गांव राजस्थान के समुदाय के प्रतिनिधियों को एक मोमेंटों और प्रशस्ति पत्र के साथ 10 लाख रू. के पौध जीनोम सेवियर अवार्ड प्रदान करते हुए। इस अवसर पर कृषि एवं किसान कल्याण और पंचायती राज्य मंत्री श्री परशोत्तम रूपाला भी उपस्थित थे।

पीपीवी एवं एफआर अधिनियम, 2001 के अंतर्गत प्राप्त आवेदन एवं प्रदान किए गए आईपीआर प्रमाण-पत्र



पीपीवी व एफआर अधिनियम के अंतर्गत किसानों से प्राप्त आवेदन एवं पंजीकृत किस्मों की संख्या



- वर्ष 2007 से पीपीवी व एफआर प्राधिकरण कुल 12763 आवेदन प्राप्त हुए है।
- किसानों के हित के लिए सरकार द्वारा बड़े स्तर पर जागरूकता अभियान चलाए जाने के कारण वर्ष 2013 से प्राप्त 47% आवेदनों की तुलना में वर्ष 2014 में 53% आवेदन प्राप्त हुए है।

पीपीवी व एफआर अधिनियम के अंतर्गत प्लांट जिनोम सेवियर अवार्ड के लिए नगद पुरस्कार में वृद्धि



सरकार ने दिनांक 15 जून, 2015 के राजपत्र अधिसूचना सा० आ० 1598 (अ.सा.) के माध्यम से किसानों के वार्षिक शुल्क को 2000 रू० से घटाकर 10 रू० कर दी।

पीपीवी एवं एफआर अधिनियम के अंतर्गत किसानों के वार्षिक शुल्क में कमी



सरकार ने दिनांक 15 जून, 2015 की राजपत्र अधिसूचना 495 (अ.सा.) के माध्यम से यह निर्णय लिया कि नगद अवार्ड की राशि केन्द्रीय सरकार द्वारा निर्धारित किया। तद्नुसार केन्द्रीय सरकार ने "प्लांट जिनोम सेवियर" के लिए नगद ईनाम की राशि को 1.00 लाख से बढ़ाकर 1.50 लाख रू० तथा किसान के पुरस्कार की राशि को शून्य से बढ़ाकर 1.00 लाख रू० कर दी।

महलानोबिस राष्ट्रीय फसल पूर्वानुमान केंद्र (एमएनसीएफसी)

चमन (समन्वित बागवानी आकलन एवं जियो इंफोरमेटिक्स का प्रयोग करते हुए प्रबंधन)

- सितम्बर, 2014 में शुरू।
- रिमोट सेंसिंग और फसल क्षेत्र में जीआईएस का उपयोग और 135 जिलों (लक्ष्य 180) में 7 बागवानी फसलों का उत्पादन आकलन।
- साइट अनुकूलता, बागान पुनरूद्धार, फसलोंपरांत अवसंरचना, जलीय बागवानी में बागवानी विकास नियोजन हेतु रिमोट सेसिंग का उपयोग।



महलानोबिस राष्ट्रीय फसल पूर्वानुमान केंद्र (एमएनसीएफसी)

स्पेस प्रौद्योगिकी और जिओ इंफोरमेटिक्स का प्रयोग करके किसान फसल बीमा

- अक्तूबर 2015 में शुरू।
- उन्नत फसल आकलन के लिए हाई रिजोल्यूशन रिमोट सेंसिंग का उपयोग।
- पीएमएफबीवाई (प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना) के तहत 7 चावल जिलों और 4 कपास जिलों हेतु सीसीई साइट चयन।
- सीसीई डाटा की गुणवत्ताप्रद जांच के लिए प्रोटोकॉल तैयार करना।
- गुजरात हेतु रिमोट सेसिंग डाटा का उपयोग करके क्षेत्र विषमता विश्लेषण ।

चावल की परती भूमि क्षेत्र में फसल गहनीकरण

- सितम्बर 2016 में शुरू ।
- उद्देश्य 6 राज्यों में रबी फसलों हेतु फसल गहनीकरण के लिए चावल परती भूमि क्षेत्र आकलन और विशेषताएं।
- छत्तीसगढ़ और ओडिसा राज्यों के प्रत्येक में दो जिलों हेतु विश्लेषण किए गए।
- रबी मौसम फसलन के लिए अनुकूल क्षेत्र हेतु ब्लॉक लेबल मानचित्र और सांख्यिकी तैयार की गई।

खरीफ चावल



खरीफ चावल – रबी परती भूमि
खरीफ चावल–रबी फसल



रबी फसलन हेतु अनुकूल क्षेत्र

छत्तीसगढ़ के रायपुर जिले में रबी मौसम फसलन हेतु अनुकूल चावल परती भूमि क्षेत्र।

जलवायु परिवर्तन चुनौतियां का समाधान करना

जलवायु परिवर्तन का प्रभावः

- कृषि पर जलवायु परिवर्तन पर होने वाले प्रभाव से आहार, आजीविका व समग्र अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।
- छोटे व सीमांत किसान चरवाहों व मछली उद्योग पर भी प्रभाव पड़ता है।
- देश के कुल उत्सर्जन में कृषि का योगदान 18% है। एंट्रीक फरमेन्टेशन, धान की खेती, उर्वरक व फसल अवशेष जलाने से जीएचजी में वृद्धि होती है।

जलवायु परिवर्तन जोखिम	
प्रत्यक्ष प्रभाव	**अप्रत्यक्ष प्रभाव**
❖ उत्पादकता	❖ मृदा उर्वरता
❖ उपज की गुणवत्ता	❖ पशुधन व मात्स्यिकी
	❖ मृदा व जल संसाधन
	❖ फसल स्वास्थ्य

सहायक कारक	संस्तुत प्रणालियां
❑ जलमग्न चावल की खेती	❑ कुशल जल उपयोग/जल संचयन
❑ उर्वरकों का अवैज्ञानिक उपयोग	❑ जलवायु अनुकूल फसल किस्में
❑ पशुओं से होने वाला उत्सर्जन	❑ फसल विविधीकरण व फसल संरेखण
❑ मृदा में कम जैविक पदार्थ	❑ जैविक कृषि
	❑ समेकित पोषक तत्व प्रबंधन आधारित मृदा स्वास्थ्यक ार्ड
	❑ पशु आहार प्रबंधन
	❑ कृषि वानिकी

केन्द्र सरकार की स्कीमें व नीतिगत पहल	
➢ मृदा स्वास्थ्य कार्ड स्कीम	➢ राष्ट्रीय व जलवायु अनुकूल कृषि कार्यक्रम
➢ प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना	➢ राष्ट्रीय सतत कृषि मिशन
➢ परम्परागत कृषि विकास योजना	➢ राष्ट्रीय कृषि वानिकी नीति
➢ कृषि वानिकी उप-मिशन	➢ राष्ट्रीय फसल अवशेष प्रबंधन नीति
➢ समेकित कृषि विकास मिशन	➢ राशन संतुलन कार्यक्रम
➢ राष्ट्रीय कृषि विस्तार एवं प्रौद्योगिकी मिशन	

जलवायु परिवर्तन एवं कृषि

कार्रवाई एवं प्रगतिः

राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन कार्य योजना (एनएपीसीसी) के अंतर्गत राष्ट्रीय सतत कृषि मिशन के प्रमुख कार्यक्रमः

- जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क सम्मेलन (यूएनएफसीसीसी) के अंतर्गत कॉन्फ्रेंस ऑफ पार्टीज–21 (सीओपी–21) में प्रतिनिधित्व कृषि क्षेत्र से संबंधित पेरिस समझौता पर चर्चा करना।
- जलवायु परिर्वतन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क सम्मेलन (यूएनएफसीसीसी) के अंतर्गत मोरक्को में कॉन्फ्रेंस ऑफ पार्टिज–22 (सीओपी–22) में प्रतिनिधित्व।
- कृषि क्षेत्र से संबंधित पेरिस समझौता के मुद्दों का समर्थन।
- राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन कार्य योजना (एनएपीसीसी) के अंतर्गत प्रधानमंत्री जलवायु परिवर्तन परिषद (पीएमसीसीसी) की जलवायु परिवर्तन पर कार्यकारी समिति की पांच समीक्षा बैठकों में भाग लेना।
- सात वर्षीय कार्यनीति सहित 15 वर्ष अर्थात् 2030 तक के लिए विजन डॉक्यूमेंट का मसौदा तथा सतत कृषि लक्ष्य (एसडीजी) पर तीन वर्षीय कार्य योजना को नीति आयोग का सौंपा गया है।
- जलवायु परिवर्तन से संबंधित कार्यक्रमों पर पुस्तिका प्रकाशित करना।
- पिछले तीन वर्षों के दौरान जैविक कृषि के अंतर्गत 18.36 लाख हैक्टेयर क्षेत्रफल, सुव्यवस्थित सिंचाई के अंतर्गत 20.07 लाख हैक्टेयर, एसआरआई/डीएसआर चावल की खेती के अंतर्गत 6.36 लाख हैक्टेयर व 6.73 लाख हैक्टेयर अतिरिक्त क्षेत्रफल को खेती योग्य भूमि में रोपण के अंतर्गत लाया गया है।
- अधिक कार्बन डाइऑक्साइड निर्धारण क्षमता वाले 41 नए जीनोटाइप को चिंहित किया गया है।
- 42 नई जलवायु अनुकूल किस्मों जारी की गई है।
- राशन संतुलन कार्यक्रम के अंतर्गत 9.68 लाख दुधारू पशुओं को शामिल किया गया।



सूखा प्रबंधन-आपदा राहत उपायों में परिवर्तन



- सभी श्रेणी की सहायता मापदंड 1.5 गुना बढ़ाए गए हैं।
- फसल हानि के कारण सहायता के लिए को 50 प्रतिशत से घटाकर 33 प्रतिशत कर दिया गया।
- सभी मामलों में सहायता की ग्राह्यता को 1 हेक्टेयर से बढ़ाकर 2 हेक्टेयर कर दिया गया।
- मृत्यु की स्थिति से किसानों को प्रदान की जाने वाली वित्तीय सहायता 1.5 लाख से बढ़ाकर 4 लाख कर दिया गया।

राज्य आपदा अनुक्रिया कोष के अंतर्गत राज्यों को प्राकृतिक आपदा निधियों का आबंटन



- एसडीआरएफ के अंतर्गत आवंटन को लगभग दुगुना कर दिया गया है।
- इस निधि से आपदा के साथ निपटने के लिए तत्काल कदम उठाने हेतु राज्य सरकार की सहायता

प्राकृति आपदा और एनडीआरएफ के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा राज्यों को अनुमोदित केन्द्रीय सहायता



- सूखा तथा ओलावृष्टि के लिए एनडीआरएफ के अधीन सहायता में महत्वपूर्ण वृद्धि
- पूर्व के 4 वर्षों में 12,516 करोड़ रू. के अनुमोदन की तुलना में वर्ष 2014–15 एवं 2015–16 में 24555.74 करोड़ रू. अनुमोदित किया गया जो लगभग दुगुना है।
- प्राकृतिक आपदाओं के कारण प्रभावित व्यक्तियों को तत्काल राहत सहायता के लिए पहली बार 50 करोड़ रू आवंटन के साथ यूटी–डीआरएफ निधि बनाई गयी।

किसान सुविधा मोबाइल एप की शुरूआत

19 मार्च, 2016 को माननीय प्रधान मंत्री द्वारा किसान सुविधा एप की शुरुआत की गई थी ताकि महत्वपूर्ण मापदंडों अर्थात् मौसम, पौध संरक्षण, आदान डीलरों, कृषि–परामर्शदात्री एवं मंडी मूल्य आदि पर किसानों के लिए सूचना प्रदान की जा सके।

सूचना प्रौद्योगिकी

किसानों के लिए मोबाइल एप शुरू करना

संवेदनशील मानकों यथा जलवायु, पौध संरक्षण, आदान डीलरों, कृषि परामर्शों और मंडी मूल्य आदि पर किसानों को सूचना प्रदान करने के लिए 19 मार्च, 2016 को माननीय प्रधानमंत्री द्वारा किसान सुविधा एप शुरू की गयी थी।

हमारे प्रधानमंत्री के प्रयोगशाला से खेत तक के सपने को साकार करने के लिए माननीय केन्द्रीय कृषि मंत्री द्वारा पूसा मोबाइल एप किसानों की सहायता के लिए शुरू की गई। आईएआरआई द्वारा इस विकसित प्रौद्योगिकी से किसान सूचना प्राप्त कर सकते हैं।



सूचना प्रौद्योगिकी

ऋणी किसानों के मामलों में क्षेत्र कवरेज राशि और ऋण राशि पर आधारित अधिसूचित फसलों के लिए बीमा प्रीमियम के परिगणन के लिए फसल बीमा मोबाइल एप शुरू किया गया है। इससे हम सामान्य, बीमित राशि, विस्तृत, प्रीमियम ब्यौरा और किसी भी अधिसूचित क्षेत्र में किसी भी अधिसूचित फसल की राज्य सहायता सूचना के बारे में ब्यौरा प्राप्त कर सकते हैं।

मोबाइल जीपीएस का उपयोग करते हुए डिवाइस स्थान के 50 किमी. के क्षेत्र के अधीन मंडियों से जिंसों की मंडी मूल्य प्राप्त करने में कृषि मंडी एप का उपयोग कर सकते है।

किसी भी मंडी और किसी भी फसल का मूल्य प्राप्त करने के लिए अन्य विकल्प भी है यदि कोई व्यक्ति जीपीएस स्थान का उपयोग नहीं करना चाहता।

सूचना प्रौद्योगिकी

सीसीई कृषि - मोबाइल एप

- खेत में संचालित कटाई पश्चात प्रयोग की सूचना को डिजिटल कराने के लिए सीसीई कृषि मोबाइल एप विकसित की है।
- जीपीएस के माध्यम से खेत का स्थान स्वतः ही ग्रहण कर लेता है।
- एप के माध्यम से लिए गए फोटोग्राफ एवं डाटा को वैब सर्वर त्वरित ट्रासंफर करता है।
- दावा निपटान समय को कम करता है और पारदर्शिता का स्तर प्राप्त किया है।

फसल बीमा पोर्टल

- किसानों राज्यों, बीमा कंपनियों एवं बैंकों सहित सभी स्टैकहोल्डरों के लिए एक ही पोर्टल
- दोनों बीमा स्कीमें यथा पीएमएफबीवाई और डब्ल्यूबीसीआईएस कवर है।
- मोबाइल एप के माध्यम से और वैब पर प्रीमियम अतिंम तारीख एवं किसानों को उनके फसल एवं स्थान के लिए कंपनी संपर्कों की सूचना
- बीमा प्रीमियम कैलकुलैटर एवं अधिसूचित डाटाबेस का सृजन
- ऋण/बीमा हेतु किसानों के आवेदन और बैंकों के साथ इनका समेकन।



सामाजिक मीडिया कार्यकलाप
Facebook: www.facebook.com/agrigoi
Likes: 5619
Twitter @agrigoi
Followers: 33000
Youtube Channels: **कृषि भारत और कृषि दर्शन**
Videos: 1200

कृषि विस्तार

कृषि क्लीनिक एवं कृषि बिजनेस केन्द्र (एसीएबीसी) के अंतर्गत स्थापित कृषि-उद्यम



वर्ष 2014–15, 2015–16 और 2016–17 के दौरान आदान डीलरों के प्रशिक्षण में महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है ।



वर्ष 2014–15, 2015–16 और 2016–17 के दौरान एसीएबीसी योजना के तहत स्थापित कृषि उपक्रम में महत्वपूर्ण वृद्धि ।

कृषि-क्लीनिक एवं कृषि बिजनेस केन्द्रों के अंतर्गत प्रशिक्षित अभ्यर्थी



वर्ष 2014–15, 2015–16 और 2016–17 के दौरान एसीएबीसी योजना के तहत प्रशिक्षित अभ्यर्थी में महत्वपूर्ण वृद्धि ।

कृषि विस्तार

कृषि में कौशल विकासः

- 2016–17 के दौरान कौशल विकास के लिए एमएसडीई के साथ 100 केवीके और 8 प्रशिक्षण संस्थानों को प्रत्यायित किया गया।
- 2016–17 के दौरान 216 कौशल प्रशिक्षण आयोजित करने के लिए 3.52 करोड़ रू. की संस्तुति।
- कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों में कौशल प्रशिक्षण के लिए एएससीआई द्वारा 132 क्यूपीएस विकसित।
- देश भर में एएससीआई के साथ संबद्ध 333 प्रशिक्षण सहयोगी।
- कौशल प्रशिक्षणों की पहुंच बढ़ाने के लिए एमएसडीई, एएससीआई और अन्य पणधारियों के साथ संपर्कों को मजबूत किया गया।
- अगले चरण (2017–18) में 100 से अधिक कृषि विज्ञान केंद्रों को शामिल किया जाना है।

कृषि विस्तार

किसान काल केन्द्रों पर दिए गए उत्तर (संख्या लाख में) 1800–180–1551



- वर्ष 2012–14 के दौरान 71.06 लाख फोन के उत्तर दिए गए और वर्ष 2014–17 के दौरान 31 अक्टूबर 2016 तक दिए गए उत्तरों की संख्या 153.46 लाख है।
- वर्ष 2013–14 तक प्रतिवर्ष दिए गए उत्तर का औसत 35.53 लाख है जहां वर्ष 2015–16 में दिए गए उत्तरों की संख्या 53.79 लाख प्रति वर्ष है।

राष्ट्रीय कृषि विकास योजना

आरकेवीवाई के अंतर्गत निर्मुक्त बजट



वर्ष 2014–15, 2015–16 और 2016–17 (दिसम्बर 2016 तक) के दौरान हेतु 60% केन्द्रीय अंश रू. 14828 करोड़ और 40 प्रतिशत राज्य अंश रू. 9885 करोड़।

- सरकार ने कृषि एवं समर्थी क्षेत्र में निवेश और उत्पादकता बढ़ाने के लिए राज्यों को अधिक लचीलापन प्रदान करने के लिए वर्ष 2014–15 में पुनर्गठित आरकेवीवाई स्कीम शुरू की है।
- कृषि अवसंरचना निर्माण के लिए आरकेवीवाई परिव्यय का 35 प्रतिशत निर्धारित है।
- कृषि एवं समवर्गी क्षेत्र में अवसंरचना परियोजना को और मजबूत करने के लिए सरकारी एजेंसियां भी आरकेवीवाई स्कीम से 100 प्रतिशत वित्तपोषण के साथ संपदा/अवसंरचना के निर्माण हेतु परियोजना कार्यान्वयन की अनुमति दी गई है।

राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (आरकेवीवाई)



- पुनर्गठित आर के वी वाई ने फ्लैक्सी फंड के रूप में 10 प्रतिशत प्रावधान रखने के लिए राज्यों को अनुमति दी है जो सूखा प्रशमन उद्देश्य के लिए भी उपयोग की जा सकती है।
- पुनःगठित आरकेवीवाई में राष्ट्रीय आयात के विशेष स्कीमों के लिए वार्षिक परिव्यय का 20 प्रतिशत निर्धारित किया गया है।

अंतर्राष्ट्रीय सहयोग

- पिछले 2.5 वर्षों के दौरान कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने 5 देशों–अर्मेनिया, मैडागास्कर, लिथुआनिया, जापान एवं किर्गिस्तान के साथ कृषि एवं इससे संबंधित क्षेत्रों में सहयोग पर समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है। इसके अलावा ताइपे के भारत–ताइपे संघ एवं भारत के ताइपे आर्थिक एवं सांस्कृतिक केंद्र ने भी इसी प्रकार के समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है। इससे विभिन्न देशों के साथ हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन की कुल संख्या 58 है।
- कृषि, सहकारिता एवं किसान कल्याण विभाग ने 23 सितंबर, 2016 को नई दिल्ली में ब्रिक्स देशों के कृषि मंत्रियों की 6वीं बैठक को सफलतापूर्वक आयोजित किया। हमारे आगे के कार्यक्रमों एवं निरंतर सहयोग से संबंधित संयुक्त घोषणा को सर्वसम्मति से अपनाया गया।
- कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने फिक्की के सहयोग से 10–11 फरवरी, 2016 को नई दिल्ली में भारत अफ्रीका–कृषि व्यवसाय फोरम को सफलतापूर्वक आयोजित किया जिसमें विभिन्न मंत्रालयों, सरकारी अधिकारियों एवं कंपनी के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।
- 18.08.2015 को यूएन–विश्व खाद्य कार्यक्रम तथा 07.11.2016 को ग्लोबल क्रॉप डाइवर्सिटी ट्रस्ट (जीसीडीटी), बॉन, जर्मनी के साथ भारत सरकार ने एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया।
- 13 व 15 जुलाई, 2015 को तजिकिस्तान एवं कीर्गिस्तान के दशांबे एवं विशकेक में कृषि कार्यशालाओं का आयोजन किया गया था जबकि 26 अप्रैल, 2016 को नई दिल्ली में एकदिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें यूएसडीए के विशेषज्ञों एवं अधिकारियों ने भाग लिया।

स्वच्छता पखवाड़ा (अक्टूबर 2016)

एक कदम स्वच्छता की ओर

- पखवाड़े के दौरान स्वच्छ भारत अभियान में 271 मण्डियों को कवर किया गया था और संबद्ध कार्यालयों के साथ साथ कृषि भवन मुख्यालय में सफाई अभियान आयोजित किए गए।
- ई–एनएएम योजना के तहत अपशिष्ट प्रबंधन योजना की स्थापना के लिए प्रत्येक मण्डी के लिए 10 लाख रू. प्रति मण्डी के प्रावधान का निर्णय किया गया।
- राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (आरकेवीवाई) की उपयोजना के रूप में कृषि योजना में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन तैयार करने का निर्णय लिया गया था। जिसके लिए राज्यों को निर्मुक्ति के लिए उस उप–योजना के तहत आरकेवीवाई के आवंटन का 1 प्रतिशत आवंटित किया जाएगा।
